भारत और विदेश में फूड प्रोसेसिंग को लेकर चर्चा की

एनआईएफटीईएम का निरीक्षण करते डेनमार्क के एंबेसडर।

- **डेनमार्क के एंबेसडर ने किया एनआईएफटीईएम का निरीक्षण**

अमर उजाला ब्यूरो

रोहतक। डेनमार्क के एंबेसडर फ्रेडी सेवर ने शनिवार को कुंडली में स्थित एनआईएफटीईएम का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने डिपार्टमेंट ऑफ फूड इंजीनियरिंग के हेड प्रो. पीतम चंद्रा के साथ इंडिया और अबोर्ड में फूड प्रोसेसिंग के स्कोप को लेकर चर्चा की। डीन रिसर्च डॉ. मनजीत अग्रवाल ने फूड साइंस के क्षेत्र में फैकल्टी और स्टूडेंट्स के कार्य को लेकर जानकारी दी। इसके साथ ही भारत और अन्य देशों के बीच रिसर्च को लेकर क्या संभावनाएं हो सकती हैं, इस पर चर्चा की। उनकी टीम ने फूड साइंस एंड टेक्नोलॉजी लैब, फूड इंजीनियरिंग एंड इंटरनेशनल ब्रेकरी रिसर्च एंड ट्रेनिंग सेंटर लैब का भी मौका मुआयना। उन्होंने कोर्स कैरिकुलम में यूजी और पीजी प्रोग्राम को लेकर भी जानकारी ली।